दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 35.1° | ↓ 16.4° |
| इंदौर | ↑ 35.5° | ↓ 18.4° |
| ग्वालियर | ↑ 36.2° | ↓ 15.5° |
| जबलपुर | ↑ 36.2° | ↓ 16.0° |

सूर्योदय- 6.36 सूर्यास्त-6.26



विश्व कप के फाइनल जैसा... 11

वर्ष- 74 ( भोपाल: वर्ष 36 अंक 100, पृष्ठ 12 ) सोमवार 8 मार्च, 2021 राजधानी संस्करण. कीमत: रु. 3:00 www.naiduniaonline.com

## खास-खबर

### जम्मू-कश्मीर के बाद लद्दाख में हिली धरती, रिक्टर पैमाने पर 3.7 रही तीव्रता

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रविवार की सुबह जिस वक्त सब लोग गहरी नींद में थे, उसी दौरान जम्मू-कश्मीर के डोडा के पास भूकंप के झटकों से धरती हिली। रविवार की सुबह चार बजकर 40 मिनट पर डोडा के पास भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.9 मापी गई। फिलहाल किसी क्षति की खबर नहीं है। वहीं रविवार सुबह 09:57 बजे लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। इससे पहले शनिवार को लद्दाख में सुबह 5 बजकर 11 मिनट पर भूकंप के झटकों से धरती डोल गई थी। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.6 मापी गई थी।

### ओली ने लगवाई मेड इन इंडिया कोरोना वैक्सीन चीनी टीके से किया तौबा

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को भारत में बनी कोविशील्ड वैक्सीन का पहला डोज लगवाया है। इसके साथ ही नेपाल में कोरोना वैक्सीनेशन प्रोग्राम के दूसरे चरण की भी शुरुआत की गई। इस दौरान नेपाल में 65 साल के ज्यादा उम्र के लोगों को वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। बड़ी बात यह है कि नेपाल में भारत विरोध का झंडा बुलंद करने वाले ओली ने अपने खास देश चीन की कोरोना वैक्सीन को लगवाने की जगह मेड इन इंडिया वैक्सीन को तरजीह दी है।

ब्रिगेड मैदान से ममता पर गरजे मोदी

# ममता ने भरोसा तोड़ा, हम आपका विश्वास जीतेंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।**

**कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान से पीएम नरेंद्र मोदी ने मौजूद जनसमूह से कहा, ममता ने आपका भरोसा तोड़ा है, लेकिन हम आपका विश्वास जीतने आए हैं। मोदी ब्रिगेड परेड मैदान में रैली के साथ ही पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावी अभियान का बिगुल फूंकने आए हैं।**

भाषण के शुरू में ही ममता पर हमला करते हुए मोदी ने कहा, बंगाल ने परिवर्तन के लिए ही ममता दीदी पर भरोसा किया था। लेकिन दीदी और उनके काडर ने ये भरोसा तोड़ दिया। इन लोगों ने बंगाल का विश्वास तोड़ा हे। इन लोगों ने बंगाल को अपमानित किया है। यहां की बहन-बेटियों पर अत्याचार किया। बंगाल में बदलाव का भरोसा दिलाते हुए मोदी बोले, मैं ब्रिगेड ग्राउंड से आपको इस आशोल पोरिबोरतोन का विश्वास दिलाने आया हूं। विश्वास, बंगाल के विकास का। विश्वास, बंगाल में स्थितियों के बदलने का। विश्वास, बंगाल में निवेश बढ़ाने का। विश्वास, बंगाल के पुनर्निर्माण का। विश्वास, बंगाल की संस्कृति की रक्षा का। बंगाल के विकास के लिए बीजेपी की प्रतिबद्धता का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, मैं विश्वास दिलाने आया हूं कि आपके लिए, यहां के नौजवानों के लिए, किसानों, उद्यमियों, यहां की बहनों-बेटियों के विकास के लिए हम 24 घंटे दिन-रात मेहनत से काम करेंगे। हम मेहनत करने में कोई कमी नहीं रखेंगे। मोदी ने एक बार फिर भरोसा दिलाते हुए कहा, हम पल-पल आपके लिए जिएंगे। हम पल-पल आपके सपनों के लिए जिएंगे। ये विश्वास दिलाने मैं आया हूं। उन्होंने आगे कहा, आजादी के इन 75 वर्षों में बंगाल ने जो खोया है, बंगाल से जो छीना गया है,



वह मुझसे ज्यादा आप लोग अच्छी तरह जानते हैं। आज हम इस संकल्प के साथ ही आपके सामने आए हैं कि जो भी बंगाल से छीना गया है, उसे वापस लौटाएंगे। मेरे शब्द लिख लीजिए। पीएम बाले, आज जब भारत आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है तो बंगाल एक नई ( शेष पेज 2 पर )

### हां, मैं अपने दोस्तों के लिए काम करता हूं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में आयोजित रैली में विरोधियों पर कई हमले बोले। उन्होंने कहा कि उनके विरोधी कहते हैं कि वे दोस्तों के लिए काम करते हैं। हां, मैं अपने दोस्तों के लिए काम करता हूं और वे दोस्त गरीब, मजदूर, शोषित लोग हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सिर्फ घोषणाओ पर नहीं, घोषणाओं को तेजी से अमल करने पर विश्वास करती है। जो कहा, हम उसको समयसीमा के भीतर करने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रैली में कहा, मेरे विरोधी कहते हैं कि मैं दोस्तों के **(शेष पेज 2 पर)**

### ब्रिगेड मैदान के मंच से झंडा लहराकर भाजपा में शामिल हुए मिथुन



आखिरकार मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को रैली के लिए कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड मैदान में बने मंच पर भाजपा का झंडा लहराकर वह पार्टी में शामिल हुए। राष्ट्रीय महासचिव और पश्चिम बंगाल प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में करीब दो बजे से बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके पहुंचने के डेढ़ घंटे पहले ही मिथुन चक्रवर्ती भाजपा के चुनावी मंच पर पहुंचे। मिथुन चक्रवर्ती के मंच पर पहुंचने के बाद भीड़ में खासा उत्साह देखा गया। मिथुन ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। ( शेष पेज 2 पर )

# सिंगौरगढ़ क्षेत्र को नेशनल ट्राईबल टूरिज्म हब के रुप में करें विकसितः कोविन्द

## मेड इन इंडिया के साथ हैण्ड मेड इन इंडिया को करें प्रोत्साहित

**भोपाल (काप्र)।**

**राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने दमोह जिले की ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में रविवार को सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण कार्य का शिलान्यास कर राज्य स्तरीय जनजातीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति श्री कोविन्द ने कहा कि मेड इन इंडिया के साथ-साथ हैण्ड मेड इन इंडिया को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।**

हस्तशिल्प के क्षेत्र में हमारे आदिवासी भाई-बहन अद्भुत कौशल के धनी हैं। प्रयास यह होना चाहिए कि उनके हस्तशिल्प के उत्पादों को अच्छी कीमत और व्यापक स्तर पर बाजार मिल सके। राष्ट्रपति श्री कोविन्द ने कहा कि सिंगौर परिक्षेत्र नेशनल ट्रायबल हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ किले के संरक्षण के लिये किये जा रहे कार्यों से भविष्य में यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि महत्वपूर्ण होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने चंबल, मालवा, बुन्देलखण्ड, महाकौशल, बघेलखण्ड की विरासतों को सहेजने की दिशा में भी बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद पटेल इस दिशा में प्रयास करें। राष्ट्रपति ने कहा कि निश्चित तौर पर भारतीय पुरातत्व के जिन 6 मण्डलों का नव-निर्माण किया गया है, यह इस दिशा में सार्थक कार्य करेंगे।

राष्ट्रपति श्री कोविन्द ने कहा कि जनजातीय भाई-बहनों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वे समाज को हमेशा एकता मूलक बनाने की दिशा में कार्य करते हैं। इनमें महिलाओं और पुरुषों के बीच भेद भाव नहीं होता है। इसलिये जनजातीय आबादी में स्त्री और पुरुष अनुपात सामान्य आबादी से बेहतर है। जनजातीय समुदाय में व्यक्ति के स्थान पर समूह को प्राथमिकता दी जाती है। प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। उनकी जीवन शैली में प्रकृति को सर्वोच्च सम्मान दिया जाता है। आदिवासी जीवन में सहजता होती है और परिश्रम का सम्मान होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यदि आपको मानवता की जड़ों से जुड़ना है, तो जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्यों को अपनी जीवन शैली में लाने का प्रयास करना होगा। राष्ट्रपति ( शेष पेज 2 पर )



### रानी दुर्गावती ने इतिहास रचा आदिवासियों के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं

**जबलपुर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविद रविवार को दमोह जिले के सिंग्रामपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने जनजातीय कार्यक्रम का आनंद लिया और 26 करोड़ के विकासकार्यों का भूमिपूजन किया। उनके साथ मंच पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। राष्ट्रपति का स्वागत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा- आज मुझे बेहद खुशी है कि दुर्गावती की भूमि पर पौधरोपण का अवसर मिला। रानी दुर्गावती ने अपने प्राणों की आहुति देकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी जाति क्षेत्र की मोहताज नहीं होती। देश में जनजाति की सबसे बड़ी आबादी मध्यप्रदेश में है। आदिवासी समुदाय के विकास से पूरे देश का विकास जुड़ा हुआ है। जब तक देश सभी पिछड़े लोगों का विकास नहीं होता तब तक देश का **(शेष पेज 2 पर)**

# कोरोना से बचाव के लिए रोको-टोको अभियान जरूरीःचौहान

**भोपाल (काप्र)।**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचाव संबंधी सावधानियों के पालन के लिये रोको-टोको अभियान को प्रभावी तरीके से लागू किया जाये, अन्यथा कठोर कदम उठाना आवश्यक हो जायेगा।**

इंदौर, भोपाल, बुहानपुर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर और छिंदवाड़ा में तेजी से प्रकरण बढ़ रहे हैं। जिला कलेक्टर और क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप सतर्क और सक्रिय रहते हुए स्थिति पर अभी से नियंत्रण करें। मुख्यमंत्री ने निवास पर कोरोना की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान बैठक में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री और चिकित्सा शिक्षा मंत्री को इन जिलों पर लगातार नजर रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में देश में छठवें नंबर पर है। महाराष्ट्र में नए केसों की संख्या 10 हजार से अधिक हो गई हैं। केरल, पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु में प्रकरण बढ़ रहे हैं। गत सात दिनों में इंदौर में 1103, भोपाल में 573, जबलपुर में 134, छिंदवाड़ा में 93, उज्जैन में 91, बेतूल और बुरहानपुर में 67-67 पॉजिटिव प्रकरण दर्ज ( शेष पेज 2 पर )

### ममता का मोदी को जवाब- परिवर्तन दिल्ली में होगा, बंगाल में नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल अब चुनावी रंग में पूरी तरह रंगा चुका है। आज एक तरफ कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली थी वहीं, सिलीगुड़ी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। पीएम मोदी ने कोलकाता में दीदी के साथ-साथ लेफ्ट और कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधा वहीं, ममता ने पीएम को सिलीगुड़ी से जवाब दिया। ममता ने रैली की दौरान कहा, खेला होबे! हम खेलने के लिए तैयार हैं। मैं आमना-सामना करने के लिए तैयार हूं। अगर वे (भाजपा) वोट खरीदना चाहते हैं तो पैसे ले लों और वोट टीएमसी के लिए करो। ममता बनर्जी ने कहा कि पोरिबर्तन (परिवर्तन) दिल्ली में होगा, बंगाल में नहीं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने (पीएम मोदी) ने कहा है कि बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन यूपी, बिहार और अन्य राज्यों का हाल देखें।

# संसदीय रणनीति पर सोनिया ने ली बैठक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र का दूसरा चरण शुरु होने से पहले कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को पार्टी नेताओं के साथ एक वर्चुअल मीटिंग की। इस मीटिंग में जी-23 के आनंद शर्मा और मनीष तिवारी के अलावा राज्यसभा में हाल ही में विपक्ष के नेता बने मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल हुए। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, एके एंटनी और जयराम रमेश ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में किसानों के आंदोलन, पेट्रोलियम की कीमतों और बेरोजगारी जैसे प्रमुख मुद्दों पर सरकार पर हमला करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

# जब तक कृषि कानून वापस नहीं तब तक किसान आंदोलन जारी रहेगाः टिकैत

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि जब तक तीन नए कृषि कानून रद्द नहीं हो जाते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के आंदोलन के सौ दिन पूरे होने के मौके पर यहां रामराज कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में टिकैत ने यह कहा। टिकैत ने शनिवार को कहा कि किसानों की मांग है कि तीनों कृषि कानून पूरी तरह से वापस लिए जाएं और जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मानती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने इस मौके पर टैक्टर रैली को रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह रैली उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के जिलों में जाएगी और 27 मार्च को गाजीपुर में किसानों के प्रदर्शन स्थल पर पहुंचेगी।

### टीकरी बॉर्डर के पास हरियाणा के एक और किसान ने की आत्महत्या

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के हिसार जिले के एक किसान ने रविवार को टीकरी बॉर्डर विरोध स्थल से लगभग सात किलोमीटर दूर एक पेड़ से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का समर्थन करने वाले 49 साल के किसान ने कथित तौर पर एक सुसाइड नोट छोड़ा है। उधर, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किसानों से अपील की है कि ऐसा कदम न उठाएं। बहादुरगढ़ शहर पुलिस थाने के एसएचओ विजय कुमार ने फोन पर बताया कि पीड़ित राजबीर हिसार जिले के एक गांव का रहने वाला था।

स्पेशल खबर | अमेरिकी वैज्ञानिकों ने कहा...

# भारत की वैक्सीन ने पूरी दुनिया को महामारी से बचाया

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।**

**अमेरिका के एक टॉप वैज्ञानिक ने कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर भारत की तारीफ की है। अमेरिका के टॉप वैज्ञानिक ने कहा कि भारत ने वैक्सीन को लॉन्च कर पूरी दुनिया को महामारी से बाचाया है। ऐसे में भारत के योगदान को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। कोरोना महामारी के दौरान भारत को फॉर्मेसी ऑफ द वर्ल्ड कहा गया।**

वो भी चिकित्सा में अपने बेहतरीन अनुभव के साथ। भारत ने जब से कोरोना वायरस के दो वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल को मंजूरी दी है तब से लेकर अभी तक दो दर्ज से अधिक देशों में टीके की सप्लाई की जा चुकी हैं। भारत से अभी भी लगातार विदेशों में टीका जा रहा है। हाल ही में एक वेबिनार के दौरान ह्यूस्टन में बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के नेशनल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के डीन डॉ पीटर होट्ज ने कहा कि एमआरएनए के दो टीके दुनिया के निम्न और मध्यम आय वाले देशों को प्रभावित नहीं कर सकते हैं, लेकिन भारत के टीका जिनको कि ऑक्सफोर्ट यूनिवर्सिटी के सहयोग से बनी है और पूरी दुनिया में सप्लाई हो रही है, इसलिए भारत के योगदान को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। वेबिनार को संबोधित करते हुए पीटर ने कहा कि वैक्सीन का रोलआउट होने पूरी दुनिया के लिए भारत की ओर से उपहार जैसा है। भारत ने जिन दो कोरोना वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी है उसमें एक कोविशील्ड है दूसरा कोवैक्सीन है। एस्ट्राज़ेनेका से लाइसेंस प्राप्त करने के बाद कोविशील्ड का प्रोडक्शन पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कर रही है।

